**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग**

पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर, लखनऊ

संख्या- २०6 /191/चार/आयोग/2021,

लखनऊः दिनांक- २० जुलाई, 2026

**आवश्यक सूचना**

आयोग के विज्ञापन संख्या-07-परीक्षा/2022, मोहर्रिर मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2021)/07 के सापेक्ष आवेदन करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मोहर्रिर पद से सम्बन्धित मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद, खण्डपीठ लखनऊ में योजित रिट याचिका संख्या-14270/2016 (SS), श्री राजेश कुमार एवं अन्य में पारित आदेश दिनांक-28-07-2016, रिट याचिका संख्या-14277/2016(SS), श्रीमती सरिता सिंह एवं अन्य में पारित आदेश दिनांक-28-07-2016, रिट याचिका संख्या-14121/2017 (SS), श्री राम बरन सरोज एवं अन्य में पारित आदेश दिनांक 04-07-2017 तथा उक्त आदेशों के विरूद्ध विचाराधीन SPECIAL APPEAL DEFECTIVE No. 514/2018, No.513/2018 एवं No.275/2019 के दृष्टिगत मा0 आयोग द्वारा उपर्युक्त विज्ञापन के सम्बन्ध में चयन सम्बन्धी कार्यवाही को अग्रिम आदेशों तक स्थगित किये जाने संबंधी लिये गये निर्णय से अभ्यर्थियों को आयोग की आवश्यक सूचना संख्या-478/191/चार/आयोग/2021, दिनांक- 23-12-2022 द्वारा सूचित किया गया था।

उपर्युक्त रिट याचिकाओं के सापेक्ष स्पेशल अपीलों में मा0 न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक- 18-03-2026 के अवलोकन के उपरान्त आयोग द्वारा उक्त विज्ञापन के सापेक्ष चयन की अग्रेतर कार्यवाही किये जाने का निर्णय लिया गया है।

उक्त विज्ञापन के प्रस्तर-10 में उल्लिखित है कि "परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम यथासमय पृथक से प्रकाशित किया जायेगा।"

तदनुक्रम में सूच्य है कि शासन के पत्र संख्या- 1335/47-का-3-2022, दिनांक- 10-01-2023 द्वारा उक्त विज्ञापन में विज्ञापित पदों पर लिखित परीक्षा के लिए परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

अतः आयोग के विज्ञापन संख्या-07-परीक्षा/2022, मोहर्रिर मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2021)/07 के अंतर्गत आवेदन करने वाले समस्त अभ्यर्थियों के सूचनार्थ **मोहर्रिर** के रिक्त पदों पर चयन हेतु शासन द्वारा अनुमोदित लिखित परीक्षा हेतु परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम प्रकाशित किया जा रहा है।

**संलग्नक**- उपरोक्तानुसार।

20/07/2026

(सुभाष चन्द्र प्रजापति)

परीक्षा नियंत्रक।

संख्या-1335/47-का-3-2022

प्रेषक,

मदन सिंह गर्ब्याल,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

सचिव,
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ।

कार्मिक अनुभाग-3 लखनऊ: दिनांक:: 10 जनवरी,2023

विषय:-मोहर्रिर पद की प्रस्तावित मुख्य परीक्षा हेतु परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम की स्-वीकृति/अनुमोदन के संबध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सचिव,उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के पत्र संख्या-474/34/चार/आयोग/2020 दिनांक 20.12.2022 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें,जिसके द्वारा प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा(PET) के अन्तर्गत **मोहर्रिर** के रिक्त पदों पर चयन हेतु मुख्य परीक्षा की परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम पर अनुमोदन/स्वीकृति प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कार्मिक अनुभाग-3 की अधिसूचना दिनांक 11.05.2015 द्वारा प्रख्यापित उत्तर प्रदेश समूह 'ग' के पदों लिए सीधी भर्ती (रीति एवं प्रक्रिया ) नियमावली,2015 के नियम 8(1) के प्राविधानों के अन्तर्गत **मोहर्रिर** के रिक्त पदों पर चयन हेतु उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार **मोहर्रिर** पद की मुख्य परीक्षा की परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम पर निम्नवत् स्वीकृति प्रदान की जाती है :-

## मोहर्रिर की लिखित परीक्षा की परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम

### परीक्षा योजना

| क्रमांक | विषय | प्रश्नों की संख्या | अंक | समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| भाग-1 | हिन्दी परिज्ञान और लेखन योग्यता | 40 | 40 | 02 घण्टा की अवधि का संयुक |
| भाग-2 | सामान्य बुद्धि परीक्षण | 20 | 20 | |
| भाग-3 | सामान्य जानकारी | 20 | 20 | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| भाग-4 | कम्प्यूटर से संबंधित सामान्य जानकारी | 10 | 10 | न प्रश्नपत्र |
| भाग-5 | भू-विज्ञान एवं खनन संबंधी सामान्य जानकारी | 10 | 10 | |
| | कुल योग- | 100 | 100 | |

नोट- उपर्युक्त परीक्षा हेतु निगेटिव मार्किंग(ऋणात्मक अंक) दिये जाने का प्राविधान है,जो सही प्रश्न के अंक का 25 प्रतिशत अर्थात 1/4 द होगी।

## पाठ्यक्रम

**भाग- 1 हिन्दी परिज्ञान और लेखन योग्यता**

उम्मीदवारों से हिन्दी भाषा का ज्ञान तथा उनके समझ एवं लेखन की योग्यता के परीक्षण हेतु प्रश्न पूछे जायेंगे। (यह प्रश्नपत्र माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 के हाईस्कूल परीक्षा के स्तर का होगा)

**भाग- 2 सामान्य बुद्धि परीक्षण**

इस परीक्षण का उद्देश्य किसी नई परिस्थिति के समझने, उसके विभिन्न तत्वों का विश्लेषण तथा पहचान करने तथा तर्क करने की योग्यता को मापना है। इस परीक्षण में ऐसे प्रश्न होंगे,जो अनुदेशों को समझने, संबंधों, समानताओं तथा संगतताओं का पता लगाने, निष्कर्ष निकालने और इसी प्रकार की बौद्धिक क्रियाओं पर आधारित होंगे।

**भाग- 3 सामान्य जानकारी**

प्रश्नपत्र का यह भाग उम्मीदवारों की चारों और के वातावरण के बारे में उसकी सामान्य जानकारी तथा समाज में उसके इस्तेमाल के बारे में उसकी योग्यता को आंकने के लिए है। इस परीक्षण में ऐसे प्रश्न भी रखे जायेंगे जिनसे ऐसी समसामयिक घटनाओं तथा प्रतिदिन दृष्टिगोचर होने तथा अनुभव में आने वाले तथ्यों जिनमें ऐतिहासिक एवं भौगोलिक तथ्य भी सम्मिलित हो सकते हैं (विशेष कर भारत से संबंधित) एवं उनके वैज्ञानिक पहलुओं का ज्ञान आंका जा सके , जिसकी किसी भी शिक्षित व्यक्ति से आशा की जा सकती है तथा कम्प्यूटर के संबंध में सामान्य जानकारी हो।

**भाग- 4 कम्प्यूटर संबंधी सामान्य जानकारी**

अभ्यर्थी कम्प्यूटर पर कार्य कर सके इस प्रकार की सामान्य जानकारी होनी चाहिए।

**भाग- 5 भू-विज्ञान तथा खनन संबंधी सामान्य जानकारी**

अभ्यर्थी को भू-विज्ञान तथा उत्तर प्रदेश राज्य से संबंधित खनन संबंधी सामान्य जानकारी होनी चाहिए।

भवदीय,

Signed by Madan Singh Garbyal
Date: 10-01-2023 14:57:47
Reason: Approved

(मदन सिंह गर्ब्याल)